Doon Public School Bhuj
Hindi Worksheet

Class –VII **Date-05/05/2020**

Chapter- व्याकरण (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद)

<u>*वाक्य की परिभाषा</u>

- शब्दों के एक सार्थक समूह को ही वाक्य कहते हैं। शब्दों का ऐसा समूह जिससे कोई अर्थ निकल रहा हो, वह वाक्य कहलाता है।

<u>* वाक्यों का वर्गीकरण</u>

1.रचना के आधार पर वाक्य भेद

2.अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद

अर्थ के आधार पर आठ प्रकार के वाक्य होते है-

1-विधान वाचक वाक्य 2- निषेधवाचक वाक्य,

3- प्रश्नवाचक वाक्य 4- विस्म्यादिवाचक वाक्य,

5- आज्ञावाचक वाक्य 6- इच्छावाचक वाक्य,

7-संकेतवाचक वाक्य 8-संदेहवाचक वाक्य।

1. विधानवाचक वाक्य :

ऐसे वाक्य जिनसे किसी काम के होने या किसी के अस्तित्व का बोध हो, वह वाक्य विधानवाचक वाक्य कहलाता है।

विधानवाचक वाक्यों को विधिवाचक वाक्य भी कहा जाता है।

उदाहरण:

1.भारत हमारा देश है।

2.राम ने खाना खा लिया।

2. इच्छावाचक वाक्य :

ऐसे वाक्य जिनसे हमें वक्ता की कोई इच्छा, कामना, आकांशा, आशीर्वाद आदि का बोध हो, वह वाक्य इच्छावाचक वाक्य कहलाते हैं।

उदाहरण:

1.नववर्ष मंगलमय हो।

3.तुम्हारा कल्याण हो।

3. आज्ञावाचक वाक्य :

ऐसे वाक्य जिनमें आदेश, आज्ञा या अनुमति का पता चले या बोध हो, वे वाक्य आज्ञावाचक वाक्य कहलाते हैं।

उदाहरण:

1.वहाँ जाकर बैठिये।

2.कृपया अपनी मदद स्वयं करिये।

4. निषेधवाचक वाक्य

जिन वाक्यों से कार्य के निषेध का बोध होता है, वह वाक्य निषेधवाचक वाक्य कहलाते हैं।

उदाहरण:

1.मैं आज खाना नहीं खाऊँगा।

2.राम आज स्कूल नहीं जाएगा।

5. प्रश्नवाचक वाक्य

जैसा की हैं इसके नाम से ही पता चल रहा है की यह प्रश्नों से सम्बंधित है। अतःजिन वाक्योँ मेँ कोई प्रश्न किया जाये या किसी से कोई बात पूछी जाये, उन्हेँ प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैँ।

उदाहरण:

1..यह फिल्म कब ख़त्म होगी ?

2.तुम क्या खाना पसंद करोगे ?

6. विस्मयादिबोधक वाक्य

ऐसे वाक्य जिनमे हमें आश्चर्य, शोक, घृणा, अत्यधिक ख़ुशी, स्तब्धता आदि भावों का बोध हो, ऐसे वाक्य विस्मयादिबोधक वाक्य कहलाते हैं।

इन वाक्यों में जो शब्द विस्मय के होते हैं उनके पीछे (!) विस्मयसूचक चिन्ह लगता है। इस चिन्ह से हम इस वाक्य की पहचान कर सकते हैं।

उदाहरण:

1.ओह ! कितनी ठंडी रात है।

2.बल्ले ! हम जीत गए।

7. संकेतवाचक वाक्य

वे वाक्य जिनसे हमें एक क्रिया का दूसरी क्रिया पर निर्भर होने का बोध हो, ऐसे वाक्य संकेतवाचक वाक्य कहलाते हैं।

उदाहरण:

1.अगर तुम परिश्रम करते तो आज सफल हो जाते।

2.अगर बारिश अच्छी होती तो फसल भी अच्छी होती।

8. संदेहवाचक वाक्य

ऐसे वाक्य जिनसे हमें किसी प्रकार के संदेह या संभावना का बोध होता है, वह वाक्य संदेहवाचक वाक्य कहलाते हैं।

उदाहरण :

1.आज बहुत तेज़ बारिश हो सकती है।

2..शायद मोहन मान जाए।

प्रश्न-1 अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए |

1.भारत एक देश है।_________________

2.मैंने दूध नहीं पिया।_________________

3.राम के पिता कौन थे?________________

4. कृपया शांति बनाये रखें।______________

5. अहा! कितना सुन्दर उपवन है।_________________

6. भगवान तुम्हे दीर्घायु करे।_________________

7. राम का मकान उधर है।_________________

8. क्या उसने काम कर लिया ? _________________

9. राम के पिता का नाम दशरथ था।_________________

10. शायद वह आज शाम को बाज़ार जाएगा |_________________

प्रश्न-2 निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए |

1.मैंने उसे एक कहानी सुनाई |(निषेध वाक्य)

2.वह कितनी जोर से हँस रहा है |(विस्मयादिबोधक)

3. सीमा किताब पढ़ रही है |(प्रश्न वाचक)

4.वह गाँव पहुँचा| (संदेहवाचक)

5.मैं जीत गया | (इच्छावाचक)

उत्तरकुंजी (answer key)

प्रश्न-1 अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए |

1.विधानवाचक 2.निषेधवाचक 3.प्रश्नवाचक 4.आज्ञावाचक

5.विस्मयादिबोधक 6.इच्छावाचक 7.संकेतवाचक 8.प्रश्नवाचक

9.विधानवाचक 10.संदेहवाचक

प्रश्न-2 निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए |

1.मैंने उसे कहानी नहीं सुनाई |

2.अरे ! वह कितनी जोर से हँस रहा है |

3. सीमा क्या पढ़ रही है|

4.शायद वह गाँव पहूँच गया होगा |

5.काश, मैं जीत पाता |